**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर।**

---

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 2(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि वाराणसी/मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अंतर्गत कितने ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जिनमें अल्ट्रासांउड की सुविधा है और कितने ऐसे हैं जिनमें नहीं है ? | वाराणसी, मिर्जापुर एवं आजमगढ़ मण्डल में 145 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिसमें से 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा दी जा रही है। शेष 139 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एवं पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को इम्पैनल्ड कर ई-रूपी बाउचर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा प्रदान की जा रही है। |
| (ख) | क्या वित्तीय वर्ष 2023-24 में उक्त मंडलों के किसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा मुहैया कराई गई है ? | वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद वाराणसी के 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चोलापुर एवं पुआरीकला पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन स्थापित की गयी है। |
| (ग) | उक्त का संपूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।